|| ॐ साईं राम ||



With little efforts we can get substantial gains. The gain is easily attained by all. Till all the faculties are in tact, every moment should be thus utilised.



Year- 17 Issue- 40
Ghaziabad, Sunday, 01 March- 2026

01 March to 07 March- 2026

Page: 8

RNI.No: UPBIL/2009/28691
DAVP Code: 101473
Editor: Dheeraj Kumar
Mob.: 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.in

Email: editor@tbam.co.in


## पीएचसी केंद्र करेड़ा में गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार वितरित





**धीरज भार्गव**

**गाजियाबाद।** पीएचसी केंद्र करेड़ा में गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार वितरण का 38वाँ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

यह सेवा अभियान आरएचएएम फाउंडेशन (रहम) एवं डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन द्वारा 12 रोटरी मंडलों के सहयोग से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है।

इस पहल के तहत प्रत्येक माह की 1, 8, 16 एवं 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं को पोषण युक्त प्रोटीन आहार एवं फल रस वितरित किया जाता है। यह कार्यक्रम अप्रैल 2025 से निरंतर जारी है, जिसका उद्देश्य मातृ स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना तथा सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देना है।

इस अभियान का नेतृत्व रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन द्वारा किया जा रहा है। सहयोगी मंडलों में रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफ्रन, दिल्ली प्रीत विहारए इंदिरापुरम गैलोर, इंदिरापुरम परिवार, गाजियाबाद सनरेज, गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, दिल्ली लेगेसी, सोनीपत एजुकेशन सिटी, हापुड़ एलीट और हापुड़ प्लेटिनम की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रम में रोटेरियन प्रतीक भार्गव, पूर्व अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन, रहम की ओर से विक्रम सिंह, डॉ. हिमांशी, पीएचसी केंद्र; रविंदर कुमार तथा अन्य चिकित्सा एवं सहयोगी कर्मचारी उपस्थित रहे।

रोटेरियन प्रतीक भार्गव ने कहा कि गर्भवती महिलाओं का स्वस्थ रहना आने वाली पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। रोटरी मंडलों और सामाजिक संगठनों का यह सतत प्रयास है कि कोई भी गर्भवती महिला पोषण की कमी के कारण स्वास्थ्य जोखिम का सामना न करे। उन्होंने कहा कि यह सेवा अभियान भविष्य में और अधिक क्षेत्रों तक विस्तारित किया जाएगा।

गर्भवती महिलाओं को नियमित पोषण आहार वितरण इस संयुक्त पहल की एक प्रमुख एवं निरंतर परियोजना है, जिसका उद्देश्य मातृ स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना, सुरक्षित गर्भावस्था सुनिश्चित करना तथा समाज के वंचित वर्गों तक नियमित पोषण सहायता पहुँचाना है।

## नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करेड़ा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित




**मनीषा भार्गव**

**गाजियाबाद।** नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, करेड़ा के अंतर्गत राजीव कॉलोनी में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 30 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की गैर संचारी रोगों की जांच की गई। इस दौरान रक्तचाप, रक्त शर्करा, मुख कैंसर, स्तन कैंसर तथा गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच की गई।

शिविर में 30 वर्ष से अधिक आयु के कुल 64 लोगों ने गैर संचारी रोग जांच का लाभ प्राप्त किया। वहीं कुल मिलाकर 107 लोगों ने स्वास्थ्य शिविर में पंजीकरण कर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। जांच के दौरान 23 मरीज उच्च रक्त शर्करा एवं उच्च रक्तचाप से संबंधित पाए गए। इसके अतिरिक्त 15 मरीज जोड़ों के दर्द से संबंधित थे, जबकि अन्य मरीज त्वचा रोग, सर्दी, जुकाम और खांसी जैसी समस्याओं के साथ परामर्श हेतु पहुंचे। सभी मरीजों को आवश्यक दवाइयां एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया।

शिविर में स्वास्थ्य टीम की ओर से डॉ. हिमांशी, औषधि वितरक रविंद्र सिंह, स्टाफ नर्स रीना पाल एवं ईशरावती, सहायक नर्स दाई शशिकला, निवेदिता और रागिनी उपस्थित रहीं। सहयोगी कर्मचारी अतनेश्वर गौतम एवं संदीप ने भी व्यवस्था में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर का उद्देश्य आमजन को समय रहते जांच एवं उपचार उपलब्ध कराकर गंभीर बीमारियों की रोकथाम करना है। स्थानीय निवासियों ने शिविर की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की।




# Editorial

## Supreme Court bans book

The Supreme Court has ordered a blanket ban on a book containing a chapter on "Corruption in the Judiciary." The book was to be taught as a social science subject in the eighth grade. It was published by the National Council of Educational Research and Training (NCERT), an autonomous body under the Union Ministry of Education. The Chief Justice of India, Justice Surya Kant, and other judges were outraged and termed the inclusion of this chapter a "deep conspiracy." The Chief Justice remarked that NCERT had fired a shot, and the judiciary was bleeding. This is not just a mistake, but a "deliberate conspiracy" to undermine the dignity of the judiciary and poison the youth. Instead of admitting its mistake, the director of the institution has defended these controversial passages in writing. This is even more serious. We will find out. Heads will be cut, but we will conduct a thorough investigation. We will not allow a constitutional institution like the judiciary to be discredited in this manner. Even today, millions of people have faith and trust in the judiciary. How can that be allowed to be shattered?' The bench also ordered the seizure of all formats and editions of the book, whether physical or digital, hard or soft, and on web portals. The 38 copies of the book that have already been sold should also be recovered and confiscated. The bench issued notices to NCERT Director Dinesh Prasad Saklani and the Union School Education Secretary. They will be present in court on March 11th. The Supreme Court even asked why contempt proceedings should not be initiated against the director. A compliance report on the court's order must be submitted within two weeks. When such a social science book, along with its allegations of corruption in the judiciary, surfaced, Prime Minister Modi expressed his anger in a cabinet meeting, asking, "What are we teaching? Who is overseeing all this? Who is approving such material? Someone must be held accountable." However, the Prime Minister's strong comment was made public through sources. However, the controversial chapter of the book states that approximately 81,000 cases are pending in the Supreme Court, while the number in the country's High Courts is approximately 6.24 million. Approximately 1,600 complaints of corruption were filed between 2017 and 2021. The complaints received by the Chief Justice's office are different. The Law Ministry disclosed in Parliament that 8,639 complaints were received against judges between 2016 and 2025.

**Manisha Bhargava**

# With sports in her blood, Jyoti Singh, daughter of an international athlete, aims to forge a legacy of her own

**Prateek Bhargava**

**Bengaluru.** Born in Jhansi, 21-year-old Jyoti Singh is already making waves in Indian hockey. The youngster has already shown her credentials in her brief career so far, captaining India at the FIH Hockey Women's Junior World Cup City of Santiago 2025. She also made her senior debut last year, featuring in four matches of the FIH Hockey Pro League 2024/25 (Women), including a remarkable win against World No. 1, the Netherlands, a performance that highlighted her readiness for the biggest stage.



Jyoti's journey with sports started at a very young age, when she visited training grounds with her father, who was an international long distance runner. However, it was her cousin sister who inspired her to pick up the hockey stick at the age of 11.

Reflecting on her journey so far, Jyoti shared, "Sports runs in my family. My father was an international athlete, so I'd go to the ground with him to do some running, and also play some badminton. However, it was my cousin sister who inspired me to play hockey. She was part of the senior academy.

Whenever she would come home for summer vacations, I would spend time with her and want to be like her."

Highlighting the role her family played throughout her career, Jyoti shared, "My family and my coaches always supported me, there was never any pressure.

It's a privilege for me to come from a family of sports people because they have gone through similar experiences. My father has been an athlete, so he guides me from his learnings. Even my mom, although she's not from a sports background, supports me a lot and pushes me, especially mentally."

Taking the first steps towards fulfilling her dream of becoming a professional hockey player, Jyoti moved to Madhya Pradesh, where she further honed her skills at the Madhya Pradesh Women's Hockey Academy in Gwalior.

Since then, achievements have followed her throughout her short career thus far. She led the junior Indian team to a Gold medal in the Women's Junior Asia Cup 2024. More recently, she also played a key role in helping SG Pipers clinch the Women's Hero Hockey India League title in the second edition of the tournament earlier this year. Despite her young age, it's not difficult to see why Jyoti has flourished and already made her mark on the big stage. It's her maturity and clarity of thought, especially in the face of weighing expectations, that stand out as key features of her game.

# Over 3,500 register as DDCA conducts open bowling trials across age groups under Vijay Dahiya's supervison

**Prateek Bhargava**

**New Delhi.** The Delhi & District Cricket Association is conducting phased open bowling trials across multiple age groups and skill categories, drawing a remarkable response with over 3,500 players filling registration forms.

The trials are being held in a structured, age-wise format, with separate assessment sessions for fast bowlers and spinners to ensure focused evaluation, transparency and fairness. The primary objective of this initiative is to identify and nurture promising bowling talent, particularly players who do not get adequate opportunities to feature in DDCA League matches and showcase their abilities.

A key highlight of the programme is that registrations were kept completely free of cost. By removing financial barriers, DDCA aimed to maximise participation and ensure that talented players from all backgrounds had equal access to the platform.

Following the initial phase of trials, shortlisted players will now be called for further rounds, forming the core of a structured development camp designed to provide technical guidance, performance assessment and long-term grooming.

Speaking about the trials, DDCA President Rohan Jaitley said, "Delhi has historically produced some of India's finest bowlers who have not only represented the state with distinction but have gone on to bring laurels to the country. From Ishant Sharma to Ashish Nehra and several others, Delhi's bowlers have defined eras with their impact at the highest level. This initiative is about finding the next wave of such match-winners."

"Delhi has a deep reservoir of bowling talent, but many players do not always get the exposure required at the right stage of their development. Through this phased and transparent process, we are attempting to widen the identification base and create a structured pathway that supports genuine merit. The emphasis is on long-term grooming and providing the right ecosystem for bowlers to progress." He added.



Speaking about the impact of the initiative on young cricketers, DDCA Vice President Shikha Kumar said, "For many young bowlers, opportunity is not just about selection, it is about feeling noticed and knowing that their effort matters. When players step into a structured environment like this, it gives them direction and a sense of belief in their journey. As an association, our role goes beyond identifying talent. It is about creating an atmosphere where serious cricketers feel encouraged to commit, improve and see a future for themselves in the game." Speaking about the response and long-term vision, DDCA Secretary Ashok Sharma said, "The overwhelming response of over 3,500 registrations shows the hunger that exists among young bowlers in Delhi. By keeping the trials free of cost and open across age groups, we wanted to ensure that opportunity is never restricted by circumstance. Our focus is on building depth in the bowling department and creating a strong pipeline that can consistently serve Delhi cricket in the coming seasons."

The camp is being led by former India cricketer and Delhi captain Vijay Dahiya, along with experienced coaches and former international players including Sanjeev Sharma, Gurusharan Singh and Parvinder Awana, as well as accomplished domestic professionals such as Sumeet Dogra and Bantu Singh. Their involvement brings technical depth, credibility and professional rigour to the evaluation process. Speaking about the initiative and the opportunity it presents for bowlers across age groups, Vijay Dahiya said, "It is a brilliant opportunity, especially at the start of the off-season. It gives us the time to properly identify bowlers, spend time with them and work on their overall development. If you want to build winning teams, whether at junior or senior level, you need a strong pool of bowlers, and that is exactly what we are trying to create through these open trials."

# उत्तर प्रदेश राज्य में सेवाओं के अधिकार के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कार्यशाला आयोजित









**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य में सेवाओं के अधिकार के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु kCapacity building for effective implementation of Right to Services in the state of Uttar Pradeshk विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन आज प्रशासनिक सुधार विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया गया। यह कार्यशाला प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार के प्रायोजन से मेरठ मंडल के नामित अधिकारियों के लिए आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन गाजियाबाद में पारदर्शिता, जवाबदेही तथा नागरिक-केंद्रित सुशासन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. राहुल सिंह, टीम हेड, आरटीआई ऑनलाइन, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया गया, जो आरटीआई एवं आरटीएस के राज्य संसाधन व्यक्ति भी हैं।

विपिन गंगवार, मुख्य निरीक्षक, सरकारी कार्यालय, प्रयागराज तथा विपिन यादव, शोध अधिकारी, प्रशासनिक सुधार विभाग ने भी आरटीएस (जनहित गारंटी अधिनियम) से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। डॉ. राहुल सिंह ने प्रभावी आरटीआई क्रियान्वयन, स्वप्रेरित प्रकटीकरण, समयबद्ध सेवा वितरण तथा अपीलों के निस्तारण के संबंध में व्यावहारिक जानकारी प्रदान की।

## कार्यशाला के प्रमुख बिंदु

आरटीआई अधिनियम, नागरिकों के अधिकार तथा लोक सूचना अधिकारियों की जिम्मेदारियों पर विस्तृत सत्र।

आरटीएस ढांचे एवं सेवा वितरण की समयसीमा में सुधार संबंधी प्रशिक्षण।

आरटीआई ऑनलाइन पोर्टल का प्रदर्शन तथा शिकायत निस्तारण की श्रेष्ठ प्रक्रियाएं।

विभागों द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों एवं बेहतर अनुपालन हेतु समाधान पर चर्चा।

प्रतिभागियों के साथ संवाद सत्र, जिसमें शंकाओं का समाधान एवं वास्तविक मामलों की साझा प्रस्तुति।

विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी, जिला प्रशासन के प्रतिनिधि तथा गाजियाबाद एवं आसपास के जनपदों के क्षेत्रीय अधिकारी कार्यशाला में सहभागी रहे।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए, कुलदीप भारद्वाज, नोडल अधिकारी, आरटीएस ने बल दिया कि आरटीआई एवं आरटीएस नागरिक सशक्तिकरण तथा सुशासन सुधार के प्रभावी उपकरण हैं। उन्होंने कहा कि स्वप्रेरित प्रकटीकरण एवं आरटीआई ऑनलाइन जैसी डिजिटल पारदर्शिता पहलें शिकायतों में कमी लाने तथा शासन संस्थाओं में जनविश्वास सुदृढ़ करने में सहायक हैं। कार्यशाला में एडीएम, एसीपी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आगे की कार्यवाही

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में इस प्रकार की कार्यशालाएं निरंतर आयोजित की जाएंगी, ताकि बेहतर जागरूकता, उन्नत सेवा वितरण तथा लोक प्रशासन में सुदृढ़ जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

# होली और रमजान को लेकर क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में पीस कमेटी की बैठक



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आगामी होली पर्व और रमजान को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक पुलिस आयुक्त वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने की।

बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों और व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। एसीपी ने सभी से अपील की कि त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाह या भड़काऊ संदेशों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक सूचनाओं की तुरंत पुलिस को जानकारी दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

प्रियाश्री पाल ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। प्रमुख चौराहों और बाजारों में गश्त बढ़ाई जाएगी तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। डीजे की आवाज, जुलूस मार्ग और नमाज स्थलों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। धर्मगुरुओं ने भी संदेश दिया कि सभी समुदाय मिलकर शांति और सद्भाव के साथ पर्व मनाएं। व्यापारियों और स्थानीय निवासियों ने भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की बात कही।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, हुड़दंग या माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आमजन से अपील की गई कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत स्थानीय पुलिस से संपर्क करें बैठक का समापन आपसी समन्वय और सहयोग के संकल्प के साथ हुआ। पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि होली और रमजान के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# वेस्ट एशिया में छिड़ा महायुद्ध

## ईरान- इजरायल ने एक-दूसरे पर दागी मिसाइलें

**टीबीसी नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** ईरान ने इजरायल के बाद अमेरिका के खिलाफ ऐलान ए जंग कर दिया है। ईरान ने मध्य पूर्व में स्थित अमेरिका के 7 सैन्य अड्डों पर बैलेस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। अगर इजरायल को भी मिला दें तो ईरान ने एक साथ 8 देशों पर जवाबी हमला किया है। ताजा जानकारी के मुताबिक ईरान ने सऊदी अरब, जॉर्डन, बहरीन, कुवैत, कतर, वअए में स्थित अमेरिकी नौसैनिक अड्डों पर हमला किया है। बहरीन ने शनिवार को कहा कि आइलैंड किंगडम में वर नेवी के 5हृ फ्लीट हेडक्वार्टर को निशाना बनाकर मिसाइल हमला किया गया। उसने हमले के बारे में तुरंत कोई और जानकारी नहीं दी। बहरीन के मनामा शहर में भी धमाके की आवाज सुनी गई है। ईरान ने मध्य पूर्व में मौजूद अमेरिका के सैन्य अड्डों पर मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमला किया है।

ईरान ने वअए के अल धफरा एयर बेस पर, कुवैत में मौजूद अमेरिका के आर्मी बेस, सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी बेस, बहरीन के मौजूद अमेरिकी बेस पर हमला किया है। कतर की राजधानी दोहा में भी धमाके की आवाज सुनी गई है। दोहा में एयरबेस को बंद कर दिया गया है। संयुक्त अरब अमीरात में भी ईरान ने हमला किया है। कुवैत, वअए और बहरीन में भी कई अमेरिकी सैन्य अड्डों पर ईरान ने हमला किया है।

### बहरीन में कई जगहों पर हमला

बहरीन की सरकारी न्यूज एजेंसी का कहना है कि देश के बाहर से हुए 'हमले' की वजह से किंगडम के अंदर कई जगहों पर अटैक हुआ है। बहरीन ने इसे हमले की देश की सॉवरेनिटी और सिक्योरिटी का खुला उल्लंघन बताया है और कहा कि बहरीन में अधिकारी 'इमरजेंसी उपाय' लागू कर रहे हैं। उसने कहा, 'किंगडम बहरीन इस धोखेबाज हमले की कड़ी निंदा करता है जो किंगडम और उसके नागरिकों के लिए सीधा खतरा है।' कतर में मोबाइल फोन पर वॉर्निंग अलर्ट बज गए, जिसमें लोगों से सुरक्षित जगहों पर पनाह लेने की अपील की गई। कतर में एयरस्पेस को बंद कर दिया गया है और सभी फ्लाइट को रद्द कर दिया गया है। चश्मदीदों ने कुवैत में सायरन और धमाकों की आवाज सुनी है। जो वर आर्मी सेंट्रल का ठिकाना है। कतर में अल उबैद एयरबेस पर हमला हुआ है, कुवैत में अल सलेम एयरबेस पर हमला हुआ है। यूएई में अल धफरा एयर बेस पर हमला हुआ है।



## इजरायली हमलों से दहला ईरान, सर्वोच्च नेता खामेनेई के कार्यालय को बनाया निशाना

इजरायल ने शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान सहित कई बड़े शहरों में हवाई हमले किए। इन हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह खामनेई के कार्यालय को भी निशाना बनाया गया। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने इन हमलों की जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने कहा, 'इजरायल ने अपने खिलाफ खतरों को समाप्त करने के लिए ईरान पर एहतियाती हमला किया है।' ईरानी मीडिया के अनुसार, राजधानी में कम से कम तीन धमाकों की आवाज सुनी गयी और कुछ हिस्सों में धुआं उठता देखा गया। रिपोर्टों के अनुसार, कम से कम एक हमला ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई से जुड़े कार्यालयों के निकट हुआ। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। अर्ध-आधिकारिक फार्स समाचार एजेंसी के मुताबिक, यूनिवर्सिटी स्ट्रीट और जुमहूरी इलाके के आसपास मिसाइलें गिरीं।

सरकारी कार्यालयों वाले 'रिपब्लिक' क्षेत्र में भी विस्फोट की सूचना है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु मसले पर बातचीत का तीसरा दौर कल ही खत्म हुआ है। इस बातचीत के समाप्त होने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संवाददाताओं से कहा था कि वह ईरान के साथ बातचीत की प्रगति से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों ने ईरान से फोर्दो, नतांज और इस्फहान स्थित परमाणु प्रतिष्ठानों को बंद करने तथा यूरेनियम देश से बाहर भेजने की मांग की थी, जिसे तेहरान ने स्वीकार नहीं किया।

# जिलाधिकारी ने किया कम्पोजिट स्कूल के कायाकल्प कार्यों का लोकार्पण

## बेहतर, शिक्षित एवं संस्कारवान समाज का निर्माण करना हम सभी की जिम्मेदारी: रविन्द्र कुमार मॉदड़

**टीबीसी संवाददाता**





**गाजियाबाद।** कम्पोजिट स्कूल नगर क्षेत्र मकनपुर, गाजियाबाद में डाबर इंडिया लिमिटेड के सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत सस्टेनेबल डेवलपमेंट सोसायटी, 'संदेश' द्वारा 'परिवर्तन परियोजना' के अंतर्गत कम्पोजिट स्कूल नगर क्षेत्र मकनपुर, गाजियाबाद के कायाकल्प कार्यों का लोकार्पण मुख्य अतिथि रविन्द्र कुमार मंदार, आई०ए०एस०, जिलाधिकारी, गाजियाबाद ने फीताकाटकर एवं शिलापट्ट का लोकपर्ण किया। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि अभिनव गोपाल, आई०ए०एस०, मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद उपस्थित रहे। जिलाधिकारी महोदय ने द्वीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। आयोजकों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ ने अपने सम्बोधन में कहा कि जब शिक्षा या शिक्षण संस्थानों से सम्बंधित कोई कार्य होता है तो हमे लोगों को भी उत्साह रहता है कि हम उस कार्यक्रम में प्रतिभाग करें, आप लोगों ने हमें आमंत्रित किया इसके लिए धन्यवाद है। हमें प्रसन्नता है कि डाबर परिवार द्वारा सरकारी विद्यालयों में कायाकल्प के कार्य कराये जा रहे हैं जो कि सराहनीय हैं और यदि वे अन्य विद्यालयों का कायाकल्प करना चाहें तो हमारी तरफ से उन्हें पूर्ण सहयोग प्रदान किया जायेगा। उन्होने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वैसे तो निरंतर विद्यालयों का विभाग द्वारा कायाकल्प कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अधिक से अधिक विद्यालयों को चयन



करते हुए उनका कायाकल्प करवाया जाएं। इसके साथ ही मै शिक्षकों से कहूंगा कि बच्चों के अधिक से अधिक दाखिले करवाते हुए उन्हें बेहतर शिक्षा के साथ–साथ अच्छे संस्कार भी प्रदान किये जाएं। उन्होने विद्यार्थियों को भी कहा कि उन्हें अपने माता–पिता, शिक्षकों, बड़ों का सम्मान करना चाहिए साथ ही सभी से प्रेम पूर्वक रहते हुए ज्ञान अर्जन करना चाहिए, जिससे एक बेहतर, शिक्षित एवं संस्कारवान समाज का निर्माण हो।

# पुलिस अधिकारियों ने सुनीं जनसमस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई कर लोगों की समस्याएं सुनी गईं और उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आमजन की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।


राजकरन नय्यर, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था,यातायात, ने अपने कार्यालय में पहुंचे फरियादियों से एक-एक कर वार्ता की।

इस दौरान विभिन्न प्रकार की शिकायतें, जिनमें यातायात संबंधी समस्याएं, कानून-व्यवस्था से जुड़े प्रकरण तथा स्थानीय विवाद शामिल रहे, सुने गए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष जांच के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी कहा कि शिकायतकर्ता को कार्यवाही की प्रगति से अवगत कराया जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे।

इसी क्रम में धवल जायसवाल, पुलिस उपायुक्त नगर,मुख्यालय, ने भी अपने कार्यालय में जनसुनवाई की। उन्होंने शहर क्षेत्र से आए नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं।

कई मामलों में तत्काल संबंधित थाना प्रभारियों एवं शाखा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए और निर्धारित समयसीमा में उसका समाधान किया जाए। वहीं सुरेन्द्र नाथ तिवारी, पुलिस उपायुक्त ग्रामीण, ने सहायक पुलिस आयुक्त अंकुर विहार कार्यालय पर जनसुनवाई करते हुए ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। भूमि विवाद, पारिवारिक प्रकरण एवं स्थानीय स्तर के अन्य मामलों को लेकर आए फरियादियों को आश्वस्त किया गया कि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

पुलिस अधिकारियों की इस पहल से फरियादियों में विश्वास बढ़ा है। जनसुनवाई के माध्यम से सीधे संवाद स्थापित कर पुलिस प्रशासन ने यह संदेश दिया है कि आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए विभाग प्रतिबद्ध है और शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# सीडीओ ने पीएनबी व केनरा बैंक को लगायी फटकार

## पीएम सूर्य घर योजना में लंबित लोन फाइल पर त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश

**धीरज भार्गव**

**गाजियाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद की अध्यक्षता में पीएम सूर्य योजना के अंतर्गत बैंक लोन पेंडेंसी के संबंध में बैंक डीसी व शाखा प्रबंधकों की मीटिंग आयोजित की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने एलडीएम,पीएनबी व केनरा बैंक के ज़िला समन्वयक और दोनों बैंक के शाखा प्रबंधकों से योजनान्तर्गत बैंक लोन पेंडेसी,लोन रिजेक्शन व लोन सैंक्शन के बाद लोन डिसबर्सल पेंडेंसी पर विस्तार से समीक्षा की और कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए दो कार्यदिवस के अन्तर्गत सभी प्रकार की पेंडेंसी निस्तारण के निर्देश दिये।



एलडीएम से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पीएनबी में अभी तक 1193 लोन के लिए आवेदन आए जिनमें से 515 फाइल रिजेक्ट हुई,88 फाइल पेंडिंग और 588 फाइल सेंक्शन हुई,588 में 92 फाइल ऐसी है जिनमें सेंक्सन के बाद डिसबर्शल पेंडिंग है इसी प्रकार केनरा बैंक में अभी तक 704 लोन के लिए आवेदन आये जिनमें से 301 फाइल रिजेक्ट हुई,101 फाइल पेंडिंग है और 301 फाइल सेंक्शन हुई,301 में 94 फाइल ऐसी है जो सेंक्सन तो है लेकिन अभी तक डिसबर्शल पेंडिंग है।

मुख्य विकास अधिकारी ने हाई रिजेक्शन पर कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिये कि किसी फाइल में पर्याप्त डॉक्युमेंट नहीं है तो डीसी के माध्यम से पीओ नेड़ा गाजियाबाद को इसकी जानकारी दे ताकि कंज्यूमर व संबंधित वेंडर को पर्याप्त डॉक्युमेंट के साथ पुनः बैंक शाखा भेजा जा सके।

इसी प्रकार जो फाइल पेंडिंग है और उस पर पर्याप्त अभिलेख के अभाव में निर्णय नहीं लिया जा रहा है तो भी शाखा प्रबंधक इसकी सूचना अपने डीसी को प्रदान करे और डीसी व एलडीएम पीओ नेड़ा को यह जानकारी प्रेषित करेंगे।साथ ही पीओ नेड़ा को निर्देश दिये कि एलडीएम और ज़िला समन्वयक से समन्वय स्थापित करते हुए पीएम सूर्य घर योजना में लंबित लोन केश का निस्तारण कराये और समय समय पर अधिक लोन पेंडेसी वाले बैंक की साप्ताहिक समीक्षा अधोहस्ताक्षरी से कराते रहे।

# हर गरीब, मजबूर, असहाय की मदद करना हम सभी की जिम्मेदारीः मुख्य विकास अधिकारी

**मनीषा भार्गव**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। उन्होने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री मंशानुरूप एवं शासन द्वारा प्राप्त निदेर्शानुसार हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं। कोई भी किसी गरीब, असहाय व बेबस व्यक्ति को परेशान या पीड़ित करता है तो सम्बंधित के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएं। जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। प्रत्येक जन के विकास एवं जनपद के विकास में सभी अपने महत्वपूर्ण



भूमिका निभाने का कार्य करें। हर जिम्मेदार व्यक्ति की जिम्मेदारी होती है कि वह गरीब, कमजोर, मजबूर, असहाय लोगों की मदद करें और हम सभी को करनी भी चाहिए। एडीएम एल/ए अवनीश द्वारा भी जन शिकायतें सुनते हुए निस्तारण के निर्देश दिए गए।

# महाराष्ट्र टूरिज्म ने राजधानी दिल्ली में आयोजित रोड शो को दिल्ली ट्रैवल ट्रेड के साथ सफलतापूर्वक होस्ट किया




**प्रतीक भार्गव**

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र सरकार के टूरिज्म डायरेक्टरेट ने शुक्रवार को नई दिल्ली के द्वारका में रेडिसन ब्लू होटल के ग्रैंड बॉलरूम में आयोजित महाराष्ट्र टूरिज्म रोड शो को सफलतापूर्वक होस्ट किया। इस इवेंट में दिल्ली ट्रैवल ट्रेड से बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया, साथ ही मीडिया के प्रतिनिधियों और ट्रैवल इन्फ्लुएंसर की भी अच्छी मौजूदगी रही।

महाराष्ट्र के डेलीगेशन का नेतृत्व संतोष जाधव, (जॉइंट डायरेक्टर, डीओटी), चंद्रशेखर जायसवाल (जनरल मैनेजर, महाराष्ट्र टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमटीडीसी), विजय जाधव (डिप्टी डायरेक्टर, डीओटी) ने किया। इस डेलीगेशन ने राज्य के अलग-अलग तरह के टूरिज्म को दिखाने और सहयोग के नए रास्ते तलाशने के लिए होटल मालिकों, टूर ऑपरेटरों, हेरिटेज साइट मैनेजरों, एडवेंचर प्रोवाइडर्स और डेस्टिनेशन मैनेजमेंट एक्सपर्ट्स सहित कई खास टूरिज्म स्टेकहोल्डर्स को एक साथ लाया।

रंगारंग शाम की शुरूआत महाराष्ट्र की समृद्ध परंपराओं को दिखाने वाले शानदार कल्चरल परफॉर्मेंस के साथ हुई, जिसके बाद हेरिटेज, वाइल्डलाइफ, कोस्टल, स्पिरिचुअल और एक्सपीरिएंशियल सेगमेंट में राज्य के अलग-अलग तरह के टूरिज्म अनुभवों को हाईलाइट करने वाले प्रेजेंटेशन दिए गए। रोड शो में महाराष्ट्र के स्टेकहोल्डर्स और दिल्ली ट्रैवल ट्रेड के बीच फायदेमंद बीटूबी बातचीत भी हुई, जिससे अच्छे बिजनेस एंगेजमेंट को बढ़ावा मिला और इंडस्ट्री में पार्टनरशिप मजबूत हुई। प्रोग्राम का अंत नेटवर्किंग डिनर के साथ हुआ, जो लगातार बातचीत और रिश्ते बनाने के लिए एक बढ़िया प्लेटफॉर्म साबित हुआ।

इस मौके पर बोलते हुए संतोष जादव ( महाराष्ट्र सरकार के डायरेक्टरेट ऑफ टूरिज्म के जॉइंट डायरेक्टर) ने कहा, दिल्ली हमारे खास सोर्स मार्केट में से एक है, और यह रोड शो ट्रैवल ट्रेड के साथ हमारे एंगेजमेंट को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। महाराष्ट्र, यहां आनेवाले टूरिस्टों को कई तरह के अनुभव देता है, हेरिटेज किलों और स्पिरिचुअल सर्किट से लेकर वाइल्डलाइफ, बीच और अर्बन टूरिज्म तक, हम इन ऑफरिंग को और अच्छे से प्रमोट करने के लिए अपने पार्टनर्स के साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं।

चंद्रशेखर जायसवाल (जनरल मैनेजर, एमटीडीसी) ने कहा, ऐसे फोकस्ड रोड शो के जरिए हमारा मकसद महाराष्ट्र के टूरिज्म स्टेकहोल्डर्स और ट्रैवल ट्रेड फ्रेटरनिटी के बीच सीधा कनेक्शन बनाना है। आज का जोश भरा हिस्सा लेना महाराष्ट्र में साल भर घूमने की जगह के तौर पर बढ़ती दिलचस्पी को दिखाता है। हम इन बातचीत को मजबूत बिजनेस कोलेबोरेशन में बदलने के लिए बेहद उत्सुक हैं। विजय जाधव (डिप्टी डायरेक्टर डीओटी) ने कहा, हमारा मकसद मुख्य घरेलू मार्केट से लगातार जुड़ना और महाराष्ट्र के बदलते टूरिज्म माहौल को दिखाना है। आज ट्रैवल ट्रेड, मीडिया और इन्फ्लुएंसर से मिला अच्छा रिस्पॉन्स महाराष्ट्र को अलग-अलग ट्रैवलर सेगमेंट के लिए पसंदीदा डेस्टिनेशन बनाने के हमारे कमिटमेंट को और पक्का करता है। इस सफल रोडशो में महाराष्ट्र टूरिज्म की घरेलू पहुंच को मजबूत करने के साथ डेस्टिनेशन की विजिबिलिटी बढ़ाने और पूरे भारत में ट्रैवल ट्रेड के साथ लंबे समय की पार्टनरशिप बनाने को लेकर चल रही कोशिशों को दिखाया गया है।



# जनपद में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

## 185 शिकायतें प्राप्त, मौके पर 15 का निस्तारण





**प्रतीक भार्गव**

**गाजियाबाद।** शासनादेश के मद्देनजर माह के प्रथम व तृतीय शनिवार हो सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया जाता है जिसके क्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निदेर्शानुसार जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

### मोदीनगर तहसील

मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 124 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 05 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम मोदीनगर, सीएमओ, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लोनी तहसील

दीपक सिंघनवाल ज्वाईंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी लोनी की अध्यक्षता में लोनी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 31 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार, पुलिस अधिकारी, नगर पालिका सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सदर तहसील

सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 30 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर 06 शिकायतों का निरस्तारण किया गया। इस दौरान सर्म्बधित विभागों के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रकार जनपद की तीनों तहसीलों में 185 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 15 शिकायतों का निस्तारण हुआ।

# मेवाड़ के 46 विद्यार्थियों का देश की तीन प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ चयन




**मनीषा भार्गव**

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के 46 विद्यार्थियों का देश की तीन प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन हुआ है। कड़े चयन प्रक्रिया और तीन चरणों के साक्षात्कार के बाद बीबीए, बीसीए और बीकॉम के विद्यार्थियों ने यह सफलता हासिल की।

प्लेसमेंट अधिकारी हर्षवर्द्धन शर्मा ने बताया कि चयन करने वाली कंपनियों में Learning Shala, PlanetSpark और Prop Shop शामिल हैं। कंपनियों के अधिकारियों ने ग्रुप डिस्कशन, प्री-प्लेसमेंट टॉक और पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया। चयनित विद्यार्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किए गए हैं। उन्हें 5.84 लाख रुपये से 6.5 लाख रुपये वार्षिक वेतन पैकेज मिलेगा।

संस्थान की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्थान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और बेहतर प्लेसमेंट के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने हेतु समय-समय पर देश की नामी कंपनियों को परिसर में आमंत्रित किया जाता है। इस उपलब्धि से संस्थान में हर्ष का माहौल है।

# पत्रकार एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

**धीरज भार्गव**





**गाजियाबाद।** पत्रकार एसोसिएशन गाजियाबाद का वार्षिक होली मिलन समारोह रविवार को एसएसडी जैन पब्लिक स्कूल, कविनगर में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष अजय जैन, उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, योगेश कौशिक, संजीव वर्मा, तोषिक कर्दम और रिंकू नारायण ने तिलक, पटका व होली टोपी पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। अजय जैन ने कहा कि यह आयोजन पिछले 15 वर्षों से निरंतर हो रहा है और होली आपसी प्रेम व सौहार्द का पर्व है। कवयित्री दीपाली जैन जिया ने काव्य प्रस्तुति से समां बांधा, जबकि महामंत्री संजीव वर्मा ने मधुर गीत प्रस्तुत किया। वरिष्ठ पत्रकार राकेश पराशर, संजय श्रीवास्तव, डॉ मधु शर्मा, सैयद अली मेहंदी, डॉ राजवीर सिंह, सुदामा पल, मीनाक्षी शर्मा और रेखा अग्रवाल ने भी शुभकामनाएं दीं। समारोह में कोषाध्यक्ष योगेश कौशिक, कुलदीप त्यागी, अशोक कौशिक, अशोक शर्मा, रश्मि ओझा, किशन स्वरूप, मनीष गुप्ता, सी पी सिंह, नंदकिशोर उपाध्याय, सविता शर्मा, सोबरन सिंह, मुकेश गुप्ता, श्रीराम, रवि तुषार, रविंद्र सिंह, तनिषा सिंह, आकाश दीप, कुलदीप आर्य, राकेश राजपूत, मोहित भारद्वाज, अमन वत्स, श्रवण कुमार, दीपक सिंह, जितेंद्र कौशिक, जितेंद्र कुमार, अमित तिवारी, आशुतोष यादव, अमन राय, नरेश कुमार, डॉ अशोक कुमार, नरेश राजपूत, शिवम गिरी, सूर्य कुमार, मुकेश कर्दम, एनी गर्ग, हिमांशु आर्य, सुधीर रस्तोगी, प्रीति मिश्रा, शाहबाज खान, शिव कुमार पवार, अफजल खान, वंदना सहित सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे।

# जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की मासिक बैठक आयोजित

## जनपद को 810735 पौधों का लक्ष्य आवंटित, शीघ्र जगहों का चिन्हाकन किया जाए





**मनीषा भार्गव**

**गाजियाबाद।** जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की मासिक बैठक विकास भवन सभागार, गाजियाबाद में मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद, अभिनव गोपाल की अध्यक्षता मे आहूत की गयी। उक्त बैठक मे प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, गाजियाबाद तथा समितियों के नामित एवं पदेन सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। अध्यक्ष द्वारा जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में सभी कार्यदायी विभागों को निर्देशित किया गया कि वर्ष 2024-25 में कराये गये वृक्षारोपण स्थलों का सत्यापन जिन-जिन विभागों द्वारा अभी तक नहीं किया गया है शीघ्र ही वृक्षारोपण स्थलों का सत्यापन पूर्ण करा लिया जाये। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि शासन द्वारा जनपद गाजियाबाद को कुल 810735 पौधों का लक्ष्य आवंटन किया गया है जिसके सापेक्ष भूमि चिन्हांकन को शत प्रतिशत पूर्ण करने हेतु अवगत कराया गया।

जिला गंगा समिति की समीक्षा बैठक करते हुये पर्यावरण विभाग गाजियाबाद को निर्देशित किया गया कि हिण्डन नदी में मिलने वाले स्त्रोंत मैपिंग करके सप्ताहिक सूचना प्रस्तुत करे तथा सिंचाई विभाग के अधिकारी, गाजियाबाद को निर्देशित किया गया कि हिण्डन नदी में गिरने वाले नाले (जालवी नाला एवं मकरेड़ा नाला) की समय-समय पर सफाई करायी जाये।

जिला पर्यावरण समिति की बैठक से सम्बन्धित एजेण्डा बिन्दुओं माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में आयोजित ओ०ए० सं0-958/2024 हिमान्शु त्यागी बनाम स्टेट ऑफ यू०पी० व अन्य के सम्बन्ध मे समीक्षा की गयी समीक्षा के दौरान पंचायती राज विभाग, नगर निगम, समस्त नगर पालिका परिषद् एवं समस्त नगर पंचायत को निर्देशित किया गया कि सभी तालाबों के किनारे पौधारोपण किया जाये साथ ही भूजल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वाटर बॉडिस् की यूनिक आई०डी० तैयार करना सुनिश्चित करे।

# 14 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**टीबीसी संवाददाता**




**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार दिनांक 14.03.2026 दिन शनिवार को समय प्रातः 10.00 बजे स्थान जिला एवं सत्र न्यायालय, जिला कचहरी गाजियाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

जनपद गाजियाबाद में जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद विनोद सिंह रावत के निर्देशन में लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विधुत एवं जल बिल विवाद, वादकारी दीवानी, फौजदारी के लधु मामले, मोटर एक्सीडेंट क्लेम, बैंक रिकवरी, मोटरयान चालान, पारिवारिक विवाद, उत्तराधिकार वाद एवं दाम्पत्य विवादो के प्री-लिटिगेशन स्तर पर निस्तारण हेतु वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करा सकते है।

# जनसुनवाई, आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में कोताही बरतने वालों पर होगी कार्यवाही: जिलाधिकारी

## जनता दर्शन के दौरान, जूम के माध्यम से विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश

धीरज भार्गव





**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री मंशानुरूप एवं शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं। कोई भी किसी गरीब, असहाय व बेबस व्यक्ति को परेशान या पीड़ित करता है तो सम्बंधित के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएं। प्रत्येक जन के विकास एवं जनपद के विकास में सभी अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का कार्य करें।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनता के हित एवं अधिकारों को ध्यान में रखते हुए मा0सीएम स्तर से जनता दर्शन के दौरान अधिकारियों की मॉनिटरिंग की जा रहें। इसी क्रम में इस कार्य में और अधिक पारदर्शिता और गुणवत्ता लाने के उद्देश्य से मेरे द्वारा सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों की जनसुनवाई के समय मॉनिटरिंग की जा रही है, इस दौरान सुबह 10:00 से 12:00 बजे तक सभी अधिकारी अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसुनवाई करेंगें और मेरे साथ जूम एप रहेंगे, जिससे जनता दर्शन में आए प्रार्थियों/आवेदकों/शिकायतकताओं की समस्या का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा सके। जनता दर्शन में निरंतर प्राप्त होने वाली शिकायतों, समस्याओं और निवेदनों दिव्यांगजन कल्याण विभाग, शस्त्र लाईसेंस (विरासत), नियोजन विभाग (फैमिली आईडी), यू0पी0नेडा, पीएम सूर्य घर योजना, अवैध कब्जा/भूमाफियाओं के खिलाफ अभियान आदि के निस्तारण एवं निवारण के क्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देशित दिए गये। जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त सभी कार्य युद्ध स्तर पर किये जाएं, उक्त से सम्बंधित किसी भी व्यक्ति को असुविधा का सामना ना करना पड़ें। ऐसा कोई भी कार्य बर्दाश्त नहीं किया जायेगा जिससे सरकार की छवि धूमिल हो। अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएं। जनता का उत्पीड़न किसी भी रूप में क्षमा योग्य नहीं हैं।

जनता दर्शन के दौरान एक विधवा महिला श्रीमती गीता निवासी संजयनगर, गाजियाबाद ने जिलाधिकारी को नम आंखो से अपने बारे में बताते हुए कहा कि मैं संजयनगर में किराये पर रहती हूं और मेरे पति का देहांत दिनांक 30 दिसम्बर 2025 को हो गया था। मेरा एक लड़का (17) व एक लड़की (10) है। पति के देहान्त के बाद उनकी परिवरिश व शिक्षा कर पाना अत्यंत की कठिन हो गया है। मै लोगों के घरों में झाड़ू पोछा करके उनका भरण पोषण कर रही हूं।

आपसे अनुरोध है कि मेरे मद्द करें। जिलाधिकारी ने उनकी स्थिति को देखते हुए मुख्य/जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रार्थिनी को पारिवारिक लाभ योजना, विधवा पेंशन, बाल सेवा योजन, कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओं जिसके लिए पात्र हों का लाभ दिलाया जाएं। साथ ही प्रार्थिनी को उक्त योजनाओं में लाभान्वित करने हेतु उनका आवेदन भी करवाया जाएं, इन्हें कहीं भटकना ना पड़ें। वहीं जनता दौरान के एक अन्य द्वारा विद्युत विभाग से सम्बंधित शिकायत की गयी। जिसपर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग से सम्बंधित आईजीआरएस पर लम्बित व असन्तोष फीड़बैक की भी जानकारी ली। उन्होने जूम के माध्यम से विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी कार्य प्रणाली में सकारात्मक सुधार लायें। जिससे जनता के समक्ष शासन-प्रशासन की अच्छी छवि रहें।

जनसुनवाई के दौरान एडीएम एल/ए अवनीश, एडीएम ई ज्योति मौर्या, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# परिषदीय विद्यालयों की छात्राओं का मंडल स्तरीय प्रतियोगिता 'बाल उत्सव' में उत्कृष्ट प्रदर्शन





मनीषा भार्गव

**गाजियाबाद।** बालिका शिक्षा के अंतर्गत मंडल स्तरीय प्रतियोगिता 'बाल उत्सव' का आयोजन मेरठ के ओक ट्री रिजॉर्ट में किया गया, जिसमें मंडल के सभी जिलों की प्रतिभागिता रही। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक जनपद से चयनित 10-10 छात्राओं को प्रतिभाग करना था। प्रतियोगिता में जेंडर स्टीरियोटाइप, मीडिया का आदर्श रूप, पॉक्सो एक्ट, बाल अधिकार, हानिकारक बॉडी टॉक, आत्मरक्षा, पर्यावरणीय मुद्दों इत्यादि से संबंधित चर्चा परिचर्चा, क्विज व स्टॉल प्रदर्शनी इत्यादि शामिल थे।। इस प्रतियोगिता में जिला समन्वयक कुणाल मुद्गल एवं जिला नोडल पूनम शर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद की कुल 10 बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें लोनी ब्लॉक के गढ़ी कटेया विद्यालय की छात्रा दानिया का राज्य स्तर के लिए चयन हुआ। छात्रा दानिया ने बताया है कि उसने इस प्रतियोगिता की तैयारी में अपनी अध्यापिका रूबी शर्मा के मार्गदर्शन में की।

इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय का, बल्कि पूरे लोनी क्षेत्र और गाजियाबाद जिले का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता की तैयारी में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर पूनम शर्मा,रेनू चौहान, लता शर्मा, रेनू चौधरी, अंजू सैनी, अनुराधा का सराहनीय योगदान रहा।। इस अवसर पर चयनित छात्राओं के शिक्षकों में रूबी शर्मा, रीनू चौधरी, रेखा राज आदि भी उपस्थित रहे।

# 39वीं मण्डलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में जनपद गाजियाबाद का स्वर्णिम प्रदर्शन

## 40वीं प्रतियोगिता की मेजबानी हेतु ध्वज सम्मानपूर्वक ग्रहण

प्रतीक भार्गव

**गाजियाबाद।** मेरठ मण्डल के तत्वावधान में आयोजित 39वीं मण्डलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता (शैक्षिक सत्र 2025-26) का भव्य आयोजन दिनांक 25-26 फरवरी 2026 को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जे.एम.एस. वर्ल्ड स्कूल, हापुड़ में संपन्न हुआ। 'सर्व शिक्षा अभियान' एवं 'निपुण भारत मिशन' के मूल उद्देश्य 'सब पढ़ें, सब बढ़ें' की प्रेरणा से आयोजित इस प्रतियोगिता में मेरठ मण्डल के विभिन्न जनपदों से आए छात्र-छात्राओं ने अनुशासन, खेल कौशल एवं टीम भावना का अद्भुत प्रदर्शन किया।

जनपद गाजियाबाद के खिलाड़ियों ने मण्डल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्णिम उपलब्धियाँ अर्जित कीं–

अबूबकर - 400 मीटर दौड़ एवं लॉन्ग जंप में स्वर्ण पदक, 100 मीटर दौड़ में रजत पदक

अलकामा - हाई जंप में स्वर्ण पदक

समीर - डिस्क थ्रो में रजत पदक

कुमारी जोया - कुश्ती (40 किग्रा वर्ग) में स्वर्ण पदक

तनिष्क - कुश्ती (35 किग्रा वर्ग) में रजत पदक

अंकुश - गोला फेंक में कांस्य पदक

विद्यालय स्तर पर प्राथमिक विद्यालय मंगावली, मुरादनगर ने दोहा अंताक्षरी में स्वर्ण पदक, जूडो में एक रजत एवं पाँच कांस्य पदक अर्जित किए। योगासन प्रतियोगिता (बालक एवं बालिका वर्ग) में प्राथमिक विद्यालय इंदरगढ़ी एवं प्राथमिक विद्यालय आबूपुर, मुरादनगर ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जनपद को गौरवान्वित किया।

समापन समारोह के अवसर पर आगामी 40वीं मण्डलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता (2026-27) की मेजबानी हेतु जनपद





गाजियाबाद को ध्वज सम्मानपूर्वक प्रदान किया गया। यह ध्वज दिनेश कुमार यादव, सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), मेरठ मण्डल द्वारा प्रदान किया गया, जिसे जिला व्यायाम शिक्षक राजकुमार एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी इश्क लाल ने औपचारिक रूप से ग्रहण किया।

पुरस्कार वितरण समारोह माननीय जिलाधिकारी, हापुड़ एवं सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। ओम प्रकाश यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाजियाबाद ने विजेता एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शुभाशीष देते हुए कहा कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, अयोध्या (उ.प्र.) में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती पूनम शर्मा जी (एस.आर.जी.) द्वारा अत्यंत प्रभावशाली, सुव्यवस्थित एवं ऊर्जावान शैली में किया गया। उनकी सुस्पष्ट वाणी, संतुलित अभिव्यक्ति एवं गरिमामयी प्रस्तुति ने पूरे आयोजन को अनुशासित, रोचक और प्रेरणादायी बनाए रखा। प्रत्येक प्रतियोगिता की घोषणा से लेकर सम्मान समारोह तक उन्होंने कार्यक्रम को ऐसी कुशलता से संयोजित किया कि उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध रहा। उनका संचालन इस भव्य आयोजन की सफलता में एक महत्वपूर्ण कड़ी सिद्ध हुआ।

यह प्रतियोगिता केवल पदकों की होड़ नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सहयोग, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम बनी।

# रहम ने रोटरी क्लबों के साथ मिलकर सीएचसी बिसरख में 25 गोद लिए गए टीबी मरीजों को पोषण आहार पोटली बांटी

धीरज भार्गव

**गाजियाबाद।** टीबी उन्मूलन एवं रोगियों को पोषण सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से आरएचएम फाउंडेशन (रहम) एवं डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन द्वारा 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिसरख में 25 गोद लिए गए टीबी मरीजों को पोषण आहार किट का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम टीबी रोगियों के उपचार के साथ-साथ उनके पोषण स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।










इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ आरपी सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ), गौतम बुद्ध नगर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ सचिन मिश्रा, चिकित्सा अधीक्षक (MOIC), बिसरख; डीटीओ स्टाफ से रविंदर राठी एवं अंबुज पांडे; तथा बिसरख टीबी यूनिट से सुश्री शिप्रा एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जो टीबी मरीजों की नियमित निगरानी एवं उपचार में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

आरएचएम फाउंडेशन (रहम) की ओर से डॉ धीरज कुमार भार्गव, संस्थापक एवं चेयरमैन, अपने सहयोगी स्टाफ सदस्य विक्रम के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने पोषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टीबी जैसी बीमारी में दवाइयों के साथ-साथ संतुलित पोषण रोगी के शीघ्र स्वस्थ होने में निर्णायक भूमिका निभाता है।

यह कार्यक्रम 12 रोटरी क्लबों के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ, जिसका नेतृत्व रोटरी क्लब आफ हापुड़ प्लेटिनियम ने किया। सहयोगी क्लबों में रोटरी क्लब इंदिरापुरम गैलोर, गाजियाबाद सैफ्रन, गाजियाबाद ग्रीन, गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, गाजियाबाद सनरेज, इंदिरापुरम परिवार, गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, सोनीपत एजुकेशन सिटी, हापुड़ एलीट, दिल्ली प्रीत विहार एवं दिल्ली लिगेसी शामिल रहे। सभी क्लबों के सदस्यों ने कार्यक्रम की सफलता में सक्रिय योगदान दिया।

अपने संबोधन में डॉ. आर. पी. सिंह ने टीबी उपचार के दौरान छह माह तक दवाइयों का कोर्स बिना किसी रुकावट के पूरा करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि यदि दवा बीच में छोड़ी जाती है तो रोगी को पुनः छह माह का पूरा कोर्स शुरू करना पड़ सकता है, जिससे इलाज लंबा और जटिल हो जाता है।

उन्होंने आरएचएम फाउंडेशन (रहम) एवं रोटरी क्लबों द्वारा किए जा रहे सतत प्रयासों की सराहना की।

डॉ. धीरज के. भार्गव ने कहा कि आरएचएम फाउंडेशन (रहम) का उद्देश्य भारत को टीबी मुक्त बनाना है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्ष 2019 से अब तक संस्था द्वारा लगभग 15,000 टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें नियमित पोषण सहायता, जागरूकता एवं उपचार पूरा करने हेतु प्रोत्साहन प्रदान किया गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी स्वास्थ्य विभाग और सामाजिक संगठनों के बीच इस प्रकार का सहयोग ही टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को साकार कर सकता है।

यह वितरण कार्यक्रम आरएचएम फाउंडेशन (रहम) का गौतम बुद्ध नगर जनपद में नियमित मासिक प्रोजेक्ट है, जो सीएमओ कार्यालय, भंगेल, बिसरख, ईएसआई अस्पताल, ममूरा, दादरी एवं अन्य पीएचसी/सीएचसी केंद्रों पर निरंतर संचालित किया जा रहा है।

इन प्रयासों के माध्यम से संस्था जनपद में जनस्वास्थ्य सुदृढ़ करने एवं टीबी मुक्त समाज की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

# भारत गौशाला में हराचारा वितरण का 20वाँ सप्ताह संपन्न







मनीषा भार्गव

**गाजियाबाद।** कनवानी (इंदिरापुरम) स्थित भारत गौशाला में गायों एवं बैलों के लिए हराचारा वितरण का 20वाँ साप्ताहिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह सेवा कार्य आरएचएम फाउंडेशन एवं डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन द्वारा 12 रोटरी मंडलों के सहयोग से नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है।



यह परियोजना अक्टूबर 2025 से प्रत्येक बुधवार को आयोजित की जा रही है। 20वें सप्ताह के अवसर पर बड़ी मात्रा में हरा चारा गौशाला में आश्रित गायों एवं बैलों को वितरित किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य पशुओं को नियमित पोषण उपलब्ध कराना तथा पशु कल्याण को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम का नेतृत्व रोटरी क्लब आफ दिल्ली लेगेसी द्वारा किया जा रहा है। सहयोगी मंडलों में
रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफ्रोन, दिल्ली प्रीत विहार, इंदिरापुरम गैलोर, इंदिरापुरम परिवार, गाजियाबाद सनरेज, गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, सोनीपत एजुकेशन सिटी, हापुड़ एलीट और हापुड़ प्लेटिनम की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रम में रोटेरियन राजेश गोयल, अध्यक्ष रोटरी क्लब आफ दिल्ली लेगेसी; रोटेरियन सुदीप अग्रवाल, अध्यक्ष रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद ग्रीन, रोटेरियन प्रतीक भार्गव, पूर्व अध्यक्ष रोटरी क्लब आफ इंदिरापुरम गैलोर, अजय चौधरी, विद्यानंद त्यागी, श्रीमती मधु गोयल तथा विक्रम सिंह सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

आयोजकों ने बताया कि यह सेवा अभियान निरंतर जारी रहेगा और भविष्य में भी गौशाला में आश्रित पशुओं के लिए नियमित रूप से हराचारा उपलब्ध कराया जाता रहेगा।

# हिंडन विहार में स्वास्थ्य शिविर आयोजित, 107 लोगों ने लिया लाभ



प्रीतक भार्गव

**गाजियाबाद।** हिंडन विहार क्षेत्र में नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, करेड़ा के अंतर्गत आरएचएम फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब आफ इंदिरापुरम गैलोर के सहयोग से एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर के दौरान 30 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की गैर संचारी रोगों की जांच की गई। इसमें रक्तचाप, रक्त शर्करा, मुख कैंसर, स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच शामिल रही। इस विशेष जांच में 30 वर्ष से अधिक आयु के 54 लोगों ने लाभ प्राप्त किया।

कुल मिलाकर 107 लोगों ने शिविर में पंजीकरण कर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त कीं। जांच के दौरान 33 मरीज रक्त शर्करा एवं उच्च रक्तचाप से संबंधित पाए गए, जबकि 15 मरीज जोड़ों के दर्द से पीड़ित थे। अन्य मरीज त्वचा रोग, सर्दी-जुकाम एवं खांसी जैसी समस्याओं के साथ परामर्श हेतु पहुंचे। सभी मरीजों को आवश्यक दवाइयां एवं उपचार प्रदान किया गया।

शिविर में जांच के लिए आए लाभार्थियों को आरएचएम फाउंडेशन की ओर से फल पेय एवं बिस्कुट भी वितरित किए गए।

स्वास्थ्य टीम, करेड़ा से डॉ. हिमांशी, औषधि वितरक रविंद्र सिंह, स्टाफ नर्स रीना पाल, सहायक नर्स दाई ईशरावती, शशिकला, निवेदिता एवं रागिनी उपस्थित रहीं। सहयोगी कर्मचारी तनेश्वर गौतम तथा आरएचएम फाउंडेशन से विक्रम एवं संदीप की विशेष उपस्थिति रही।

आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को समय रहते निःशुल्क जांच एवं उपचार उपलब्ध कराना है।

Printed and Published by Manisha Bhargava at Nutan Offset Printing Press, House N.o- 9, Maliwara, Ghaziabad. 201001 and Published at Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.). **Editor:** Manisha Bhargava, **Sub Editor:** Dheeraj Kumar** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** 101248 (UPBIL/2009/28691), **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Mob. 98105 22380, 98718 95198. Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.